

Dr. Manoj Jain
Director

# DAILY CURRENT AFFAIRS QUESTIONS

कर्मण्येव जयते

पुलिस | PATWAR
HIGH COURT | रेलवे JE, Group-D, TC, RPF
BANK | SSC CGL, 10+2, CPO-SI, MTS
शिक्षक Ist ग्रेड | REET I, II Level

# CURRENT G.K.

## MCQ QUESTIONS

## 1 September 2022




डॉ. मनोज जैन द्वारा संचालित
काव्य क्लासेज ®
मोदी कॉलेज रोड, दादाबाड़ी, कोटा ( राज. )

पता : मोदी कॉलेज रोड़, दादाबाड़ी, कोटा (राज.)
Helpline : 94601-22225, 81045-02225

## 1 सितंबर का इतिहास

- **1956 :** भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) की स्थापना हुई
- **1964 :** इंडियन ऑयल रिफाइनरी और इंडियन ऑयल कंपनी को विलय करके इंडियन ऑयल कॉपरेशन बनाई गई।
- **1947 :** भारतीय मानक समय को अपनाया गया।
- **1956 :** राज्यों के पुनगर्ठन के बाद त्रिपुरा केंद्रशासित प्रदेश बना।
- **2008 :** तत्कालीन वित्त मंत्री पी.चिदम्बरम ने डी. सुब्बाराव की भारतीय रिजर्व बैंक के 22वें गर्वनर के रूप में नियमित की घोषणा की।

## 1 सितंबर से संबंधित करेंट अफेयर्स

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सितंबर में देश के पहले स्वदेशी विमान वाहक पोत आईएनएस विक्रांत को नौसेना के हवाले करेंगे। नौसेना में विमानवाहक पोत आईएनएस विक्रांत के शामिल होने से देश की समुद्री क्षमता मजबूत होगी। नौसेना ने यह जानकारी देते हुए बताया कि 2 सितंबर को INS विक्रांत सेना में शामिल हो जाएगा। यह पोत देश की समग्र समुद्री क्षमताओं में उल्लेखनीय वृद्धि करेगा।
- भारत का पहला 3डी मुद्रित डाकघर बेंगलुरू, कर्नाटक में बनने वाला है। एक अभिनव कदम के तहत बेंगलुरु में जल्द ही 3डी प्रिंटिंग तकनीक से निर्मित भारत का पहला डाकघर होगा जो सिर्फ एक महीने में तैयार हो जाएगा। डाक विभाग के स्वामित्व वाली भूमि के एक भूखंड पर हलासुरू के कैम्ब्रिज लेआउट में डाकघर स्थापित किया जाएगा। पोस्ट ऑफिस भवन का निर्माण लार्सन एंड टुब्रो द्वारा किया जा रहा है, जो वर्तमान में भारत में निर्माण के लिए 3डी प्रिंटिंग तकनीक का उपयोग करने वाली एकमात्र कंपनी है।
- विश्व फुटबॉल संस्था फीफा द्वारा अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ पर लगाया गया प्रतिबंध हटा दिया गया है। फीफा ने इसकी घोषणा की है। फीफा ने अपने बयान में कहा परिषद ने एआईएफएफ के निलंबन को तत्काल प्रभाव से हटाने का फैसला किया। अब फीफा अंडर-17 महिला विश्व कप 11 से 30 अक्टूबर तक भारत में योजना के अनुसार आयोजित किया जा सकता है।
- सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस उदय उमेश ललित ने देश के 49वें मुख्य न्यायाधीश के रूप में शपथ ली। देश की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने उन्हें सीजेआई पद की शपथ दिलाई। जस्टिस यूयू ललित का 74 दिनों का कार्यकाल शुरू हो जाएगा। उदय उमेश ललित का कार्यकाल कुल 74 दिन (8 नवंबर 2022 तक) का होगा।
- केंद्र शासित प्रदेश जम्मू और कश्मीर नीति आयोग के साथ साझेदारी में अटल टिंकरिंग लैब स्थापित करने वाला राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों में पहला बन गया है।
- सुप्रीम कोर्ट ने मुफ्त सेवाओं और सुविधाओं के खिलाफ याचिकाओं को तीन जजों की बेंच के पास भेज दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि राजनीतिक दलों द्वारा घोषित मुफ्त सेवाएं और सुविधाएं राज्य को दिवालियेपन की ओर ले जा सकते है।
- प्राइवेट बैंक आईडीएफसी ने कहा कि उसने महेंद्र शाह को 1 अक्टूबर 2022 से 30 सितंबर, 2023 तक के लिए बैंक का प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी नियुक्त किया है। बैंक ने कहा कि ये नियुक्ति शेयरधारकों की मंजूरी के अधीन है। महेंद्र शाह मौजूदा एमडी और सीईओ सुनील कक्कड़ की जगह लेंगे। जिनका कार्यकाल 30 सितंबर, 2022 को समाप्त होगा।
- भारत ने वर्ष 2070 तक शुद्ध-शून्य उत्सर्जन का लक्ष्य हासिल करने की घोषणा की। भारत के नेट जीरो के लक्ष्य से देश की अर्थव्यवस्था को नई ताकत मिलेगी। साथ ही इससे रोजगार के डेढ़ से दो करोड़ तक नये अवसर भी सृजित होंगे। रिपोर्ट में यह बात कही गई है कि भारत ने 2070 तक नेट जीरो यानी प्रदूषणकारी तत्वों के उत्सर्जन को शून्य करने का लक्ष्य रखा है। गेटिंग एशिया टू नेट जीरो से संबंधित हाई लेवल मालिसी कमीशन का कहना है कि भारत जलवायु से संबंधित अपनी प्रतिबद्धताओं को पूरा करके और उन्हें बढ़ाकर वित्त संबंधी जोखिमों को खत्म कर सकता है।
- हीरो इलेक्ट्रिक ने बिजलीचालित दोपहिया वाहनों को चार्ज करने के लिए जियो-बीपी के साथ समझौता किया। इलेक्ट्रिक दोपहिया कंपनी ने बयान में कहा कि इस साझेदारी के तहत हीरो इलेक्ट्रिक के ग्राहकों को जियो-बीपी के व्यापक चार्जिग और बैटरी अदला-बदली नेटवर्क तक पहुंच मिलेगी। यह सुविधा अन्य वाहनों के लिए भी खुली रहेगी।
- रॉयल एनफील्ड और संयुक्त राष्ट्र शैक्षिक, वैज्ञानिक और सांस्कृतिक संगठन ने हिमालय से शुरू होकर भारत की सांस्कृतिक विरासत को बढ़ावा देने और उसकी रक्षा करने के लिए हाथ मिलाया है।
- भारत के अंडर-18 एशियन वालीबॉल चैंपियनशिप में दक्षिण कोरिया को 3-2 से हराकर कांस्य पदक जीतने पर सहारनपुर निवासी भारतीय टीम के खिलाड़ी आदित्य राणा ने इतिहास रच दिया है।
- भारत के पूर्व मुख्य आर्थिक सलाहकार केवी सुब्रमण्यम को अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष में भारत का कार्यकारी निदेशक नियुक्त किया गया। केवी सुब्रमण्यम प्रख्यात अर्थशास्त्री सुरजीत एस भल्ला का स्थान लेंगे, जिन्हें 2019 में आईएमएफ के बोर्ड में भारत के कार्यकारी निदेशक के रूप में नियुक्त किया गया था।

## राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय करेंट अफेयर्स

**1. राष्ट्रीय पोषण सप्ताह (Indian Nutrition Week Day) हर साल कब मनाया जाता है ?**

(A) 31 अगस्त से 6 सितंबर (B) 1 सितंबर से 7 सितंबर
(C) 2 सितंबर से 8 सितंबर (D) 3 सितंबर से 9 सितंबर

**(B)** हर साल राष्ट्रीय पोषण सप्ताह 1 सितंबर से 7 सितंबर तक मनाया जाता है, ताकि लोगो को उनकी स्वास्थ्य और समृद्धि के महत्वपूर्ण पहलुओं के बारे में जागरूक किया जा सके। राष्ट्रीय पोषण सप्ताह पहली बार मार्च 1975 में एडीए के सदस्यों द्वारा पोषण शिक्षा की जरूरत के बारे में जन जागरूकता बढ़ाने के साथ-साथ डाइट एक्सपर्ट्स के पेशे को बढ़ावा देने के लिए मनाया गया था। भारत में केंद्र सरकार ने 1982 में एक अभियान राष्ट्रीय पोषण सप्ताह शुरू करने का निर्णय किया।




**2. भारत ने किस वर्ष तक शुद्ध शून्य उत्सर्जन का लक्ष्य हासिल करने की घोषणा की है?**

(A) 2025 (B) 2035
(C) 2040 (D) 2070


**(D)** भारत ने 2040 वर्ष तक शुद्ध शून्य उत्सर्जन का लक्ष्य हासिल करने की घोषणा की है। भारत अगर अपने वर्तमान इरादे के तहत वर्ष 2070 तक नेट जीरो उत्सर्जन का लक्ष्य हासिल करता है, तो उसकी अर्थव्यवस्था को 2036 तक सकल घरेलू उत्पाद के संदर्भ में अनुमानित आधारभूत वृद्धि से 4.7 प्रतिशत तक बढ़ाया जा सकता है। यह कुल 371 बिलियन डॉलर होगा।




**3. कन्नौज को इत्र पर्यटन स्थल के रूप में कौनसी राज्य सरकार विकसित करेगी ?**

(A) मध्यप्रदेश (B) उत्तर प्रदेश
(C) बिहार (D) कर्नाटक


**(B)** उत्तर प्रदेश सरकार ने दिसंबर में कन्नौज में एक अंतर्राष्ट्रीय इत्र मेला आयोजित करने का निर्णय लिया है। जिले में इत्र पार्क की स्थापना की जा रही है। इसका पहला चरण 15 नवंबर तक पूरा कर लिया जाएगा। उत्तर प्रदेश सरकार का लक्ष्य 250 करोड़ रूपये इत्र कारोबार को 25000 करोड़ रूपये तक ले जाना है।



**4. IDFC बैंक ने किसे 1 अक्टूबर 2022 से 30 सितंबर 2023 तक के लिए बैंक का प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी नियुक्त किया है ?**

(A) सुनील गुप्ता (B) पूजा दुबे
(C) निशा तिवारी (D) महेंद्र शाह

**(D)** IDFC बैंक ने महेंद्र शाह को 1 अक्टूबर 2022 से 30 सितंबर 2023 तक के लिए बैंक का प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी नियुक्त किया है। महेंद्र शाह मौजूदा एमडी और सीइओ सुनील कक्कड़ की जगह लेंगे। जिनका कार्यकाल 30 सितंबर 2022 को समाप्त होगा।




**5. स्पोर्ट्स ट्रैवल कंपनी 'DreamSetGo' के पहले ब्रांड एंबेसेडर कौन बने है ?**


(A) सौरव गांगुली (B) विराट कोहली
(C) अक्षय कुमार (D) शुभमन गिल

**(A)** स्पोर्ट्स ट्रैवल कंपनी DreamSetGo के पहले ब्रांड एंबेसेडर सौरव गांगुली बने है। DreamSetGo ड्रीम स्पोर्ट्स का हिस्सा है। ड्रीम स्पोर्ट्स भारत की अग्रणी स्पोर्ट्स टेक्नोलॉजी कंपनी है, जिसके 140 मिलियन उपयोगकर्ता हैं। जिसमें ड्रीम 11 फैनकोड, ड्रीम कैपिटल शामिल है।



डॉ. मनोज जैन द्वारा संचालित काव्य क्लासेज

**6. भारत का पहला 3डी पोस्ट ऑफिस कहाँ बनाया जाएगा ?**



(A) बेंगलुरू (B) धर्मशाला
(C) गुवाहाटी (D) कोहिमा

**(A)** इस पोस्ट ऑफिस भवन का निर्माण लार्सन एंड टुब्रो द्वारा किया जा रहा है। जो वर्तमान में भारत में निर्माण के लिए 3डी प्रिंटिंग तकनीक का उपयोग करने वाली एकमात्र कंपनी है। रिपोर्ट के अनुसार 1000 वर्ग फुट की इस इमारत को स्थापित करने में 25 लाख रूपये खर्च होंगे, जिससे अंतिम लागत में 25 प्रतिशत की कमी आएगी।

**7. हाल ही में फीफा द्वारा किस देश के फुटबॉल महासंघ पर लगा प्रतिबंध हटा दिया गया?**




(A) ऑस्ट्रेलिया (B) जापान
(C) भारत (D) चीन

**(C)** फीफा ने अपने बयान में कहा फीफा ने हाल ही में अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ के निलंबन को तत्काल प्रभाव से हटाने का फैसला किया। अब फीफा अंडर-17 महिला विश्व कप 11 से 30 अक्टूबर तक भारत में योजना के अनुसार आयोजित किया जा सकता है।

**8. हाल ही में ऐप ने साइबर सुरक्षा के लिए कार्यक्रम की शुरूआत की ?**



(A) ट्विटर (B) फेसबुक
(C) गूगल (D) माइक्रोसॉफ्ट

**(C)** हाल ही में गूगल ने साइबर सुरक्षा में 1,00,000 भारतीय डेवलपर्स और शोधकर्ताओं को अपस्किल करने के लिए एक कार्यक्रम का अनावरण किया है। गूगल का उद्देश्य साइबर खतरों के खिलाफ देश की बढ़ती डिजिटल अर्थव्यवस्था की सामूहिक क्षमता को मजबूत करना है। देशभर में लगभग 1,00,000 डेवलपर्स, आईटी और स्टार्टअप पेशेवरों के लिए एक साइबर सुरक्षा अपस्किलिंग कार्यक्रम की शुरूआत की गई है।

**9. यूरोपीय फुटबॉल महासंघ का वर्ष के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी (पुरूष वर्ग) का पुरस्कार किसने जीता ?**



(A) अनिल छेत्री (B) करीम बेंजेमा
(C) क्रिस्टियानो रोनाल्डो (D) लिओनेल मेस्सी

**(B)** पुरूष वर्ग में फ्रांस के करीम बेंजेमा ओर महिला वर्ग में स्पेन की एलेक्सिया पुटेलस ने यूरोपीय फुटबॉल महासंघ (यूएफा) का वर्ष के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरस्कार जीता हैं। पुटेलस ने लगातार दूसरी बार यूएफा महिला पुरस्कार जीता है।

**10. हाल ही में किस देश ने विश्व की सबसे कम प्रजनन दर का रिकॉर्ड तोड़ा है ?**




(A) दक्षिण कोरिया (B) अमेरिका
(C) सूडान (D) इनमें से कोई नहीं

**(A)** दक्षिण कोरिया ने दुनिया की सबसे कम प्रजनन दर का अपना ही रिकार्ड फिर तोड़ दिया है। जनगणना के आंकड़ों के अनुसार 2021 में इस देश की प्रजनन दर घटकर 0.81 रह गई। विशेषज्ञों का अनुमान है कि इस साल प्रजनन दर और कम हो जाएगी। उस समय प्रजनन दर 4.53 थी। वर्ष 2000 के बाद इसमें तेजी से गिरावट आई।

डॉ. मनोज जैन द्वारा संचालित काव्य क्लासेज